हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

07 महिलाओं में नसबंदी को लेकर उत्साह लेकिन...



08 महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया





## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रपति पदक से सम्मानित जांबाज सोम सिंह का निधन, डकैत भगत सिंह को अकेले दबोचने का किया था कारनामा



**गुना।** मध्यप्रदेश पुलिस में साहस और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाले जांबाज अधिकारी सोम सिंह रघुवंशी अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन की खबर से पूरे गुना जिले सहित पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को गुना के बूढ़े बालाजी स्थित श्रीराम मुक्तिधाम में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया।सोम सिंह रघुवंशी के नाम वीरता का वह किस्सा दर्ज है, जो आज भी पुलिस जवानों के लिए प्रेरणा है। घटना 20 फरवरी 1982 की है, जब वे हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उन्हें सूचना मिली कि विदिशा का खूंखार डाकू भगत सिंह, जिसने एक पूर्व विधायक की हत्या की थी और कई बड़ी डकैतियों में शामिल था, गुना जिले में छिपा हुआ है। मुठभेड़ के दौरान जब डकैत भगत सिंह ने अपनी 12 बोर की बंदूक से उन पर फायर किया, तब सोम सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना सीधे डकैत से भिड़ गए। अदम्य साहस का परिचय देते हुए उन्होंने अकेले ही उस खतरनाक डकैत को दबोच लिया। उनकी इसी वीरता के लिए उन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित !

### बाल भिक्षावृत्तिअपराध है- बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चलाया जा रहा अभियान बाल संरक्षण अधिकारी



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु गठित दल महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा हनुमान चौराहे, जयस्तंभ चौराहा, जज्जी बस स्टेण्ड एवं जिला अस्पताल परिसर जाकर निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान कोई भी बालक बालिका भिक्षावृत्ति करता हुआ नही पाया गया। श्री विजय साहू बाल संरक्षण अधिकारी मबावि गुना द्वारा आमजन को अवगत कराया गया कि बाल भिक्षावृत्ति एक अपराध है, जिसमें भिक्षा लेना व भिक्षा देना दोनों अपराध है। बाल अधिनियम 1960 की धारा 42 के अनुसार जो कोई भी किसी बच्चे को भिक्षावृत्ति के लिए प्रेरित करता है। उसे 7 से 10 वर्ष तक की कैद एवं 5 लाख तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। साथ ही आमजन को बताया कि यदि बाल भिक्षावृत्ति करते हुए कोई बालक बालिका पाया जाये तो चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर सूचना दे सकते है।

### परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत अतिरिक्त निश्चित सेवा दिवस का आयोजन

**गुना।** परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत परिवार नियोजन के स्थायी साधन के रूप में प्रदान की जाने वाली महिला नसबंदी सेवा हेतु रविवार को अतिरिक्त निश्चित सेवा दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिनांक 21 दिसम्बर 2025 को सिविल अस्पताल आरोन में संपन्न हुआ।वर्तमान में महिला नसबंदी हेतु पंजीकरण की संख्या अधिक होने के कारण शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ सुनिश्चित करने हेतु रविवार को अतिरिक्त FDS आयोजित किया गया। इस दौरान राज्य स्तर से नामित संस्था द्वारा कुल 30 महिला नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए।मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी आरोन डॉ. के.एन. भिलवारे ने बताया कि सामान्यतः प्रत्येक गुरुवार को आयोजित निश्चित सेवा दिवस में 30 नसबंदी की जाती हैं, किंतु अधिक पंजीकरण होने के कारण अतिरिक्त FDS का आयोजन किया गया।

## हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त

### केंट थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए मोटर सायकिल पर अवैध कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि कैंट थाना पुलिस को बिगत दिवस मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बिनायकखेड़ी गांव के पठार क्षेत्र में एक व्यक्ति अपाचे मोटर सायकिल क्रमांक MP09 VR 1023 पर प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो कैनों में अवैध कच्ची शराब लेकर उसे बेचने के उद्देश्य से खड़ा है । थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रय की सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक और कार्यवाही हेतु कैंट थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम रवाना हुई । टीम द्वारा तुरंत बिनायकखेड़ी गांव की पठार पर मुखबिर की बताई जगह पर जाकर देखा तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए की मोटर सायकिल के साथ एक व्यक्ति खड़ा दिखा, पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए उसे भागने का मौका न देते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम अनिल पुत्र बाबूलाल रजक उम्र 24 साल निवासी ग्राम बिनायकखेड़ी थाना केंट गुना का होना बताया एवं जिसकी मोटर सायकिल पर बंधी कैनों की जांच करने पर उनमें हाथ भट्टी पर निर्मित कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई । पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध शराब एवं जिसकी तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकिल को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध केंट थाने में अपराध क्रमांक 1119/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । केंट थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक अमित तिवारी, आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक शुभम रघुवंशी, आरक्षक राजू बघेल एवं आरक्षक सूर्यभान जाट की सराहनीय भूमिका रही है ।




### सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश बदमाश, पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में लगी

# पीएम आवास कॉलोनी में सरेआम फायरिंग से दहशत में रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के पॉश इलाकों के बाद अब प्रधानमंत्री आवास कॉलोनियां भी अपराधियों के निशाने पर हैं। बीती रात कैंट थाना क्षेत्र के जगनपुर चक स्थित पीएम आवास कॉलोनी में अज्ञात बदमाशों ने सरेआम फायरिंग कर सनसनी फैला दी। एक के बाद एक हुए हवाई फायर की आवाज से पूरी कॉलोनी में दहशत पसर गई। घटना के बाद से रहवासी खौफ के साये में हैं और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। सोमवार दोपहर को लामबंद रहवासियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर इस वाकये की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।



#### अलाव ताप रहे थे लोग, तभी गूंजी गोलियां

जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 10 बजे जब कड़ाके की ठंड के कारण कुछ लोग घरों के बाहर अलाव ताप रहे थे, तभी अचानक बाइक सवार नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बदमाशों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से एक के बाद एक तीन राउंड हवाई फायरिंग की। गोलियों की आवाज सुनते ही लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों की ओर भागे। वारदात को अंजाम देकर बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो गए।

#### सीसीटीवी में कैद हुई दहशतगर्दी

सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस सक्रिय हुई और 15 मिनट के भीतर मौके पर जा पहुंची। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दो संदिग्ध बदमाश हथियार लहराते और हवाई फायरिंग करते साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस अब इन फुटेज के आधार पर हुलिए का मिलान कर रही है ताकि आरोपियों की धरपकड़ की जा सके।

#### रहवासियों का छलका दर्द

फायरिंग की इस घटना ने कॉलोनी की सुरक्षा पोल खोलकर रख दी है। स्थानीय रहवासी गयारसीलाल वर्मा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा, हमने जीवन भर की गाढ़ी कमाई लगाकर यहाँ घर लिया था, लेकिन अब यह नरक जैसा महसूस हो रहा है। यहाँ न तो बाउंड्रीवॉल है और न ही रोशनी के पुख्ता इंतजाम। असामाजिक तत्वों का यहाँ जमावड़ा लगा रहता है। डेढ़ साल से चोरों का आतंक झेल रहे थे और अब सरेआम गोलियां चल रही हैं। रहवासियों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई को लेकर संतोष तो है, लेकिन वे स्थायी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया गया और गश्त नहीं बढ़ाई गई, तो कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

## नगर पालिका परिषद गुना द्वारा आवास मेला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्थल पर आवास मेला का आयोजन किया गया। इसमें तीन आवासों की बुकिंग हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने बताया कि एक सप्ताह के लिए आवास मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें बैंकर्स एवं नगर पालिका स्टाफ प्रधानमंत्री आवास स्थल पर निर्मित एवं एलआईजी व एमआईजी भवनों की बिक्री एवं फाइनेंस करने हेतु ड्यूटी लगायी गयी है।

नगर पालिका द्वारा 2018 की पुरानी दरों पर ही भवन बेचे जा रहे हैं, जिन्हें कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है, इसमें किसी प्रकार की बंदिश नहीं है। आवास मेले में केनरा बैंक एवं पिरामल फाइनेंस से कर्मचारी उपस्थित हुए साथ ही नगर पालिका की ओर से सहायक यंत्री शैलेंद्र आवास्या, सुधीर श्रीवास्तव, ओपी शर्मा, अरविंद रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

## नपा स्टाफ द्वारा अतिक्रमण करने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका द्वारा शहर में बृहद चालानी कार्रवाही की गई। जिसमें सुगन चौराहा ,शास्त्री पार्क, जय स्तंभ चौराहा,बूढ़े बालाजी से सड़क पर से दुकानदारों का सामान हटवाया गया , जब्ती की गई तथा जुर्माने किए गए।आज प्रातः शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते द्वारा सड़कों पर सामान रखकर बेचने वालों को समझाईश दी गई साथ ही उन्हें हटाने के निर्देश दिये गए,जिससे आ वा ग म न वाधित न हो।आज अतिक्रमण विरोधी मुहिम के साथ चालानी करवाही भी की गई ।आज की मुहिम में राजस्व निरीक्षक योगेंद्र सिंह ,प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार ,अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अमित आर्य, शकील खान ,बृजमोहन खरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## स्वदेशी संकल्प रथयात्रा ने किया शहर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार प्रातः 11.30 बजे स्थानीय शास्त्री पार्क से स्वदेशी संकल्प रथयात्रा प्रारंभ की गई जिसमें कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स , व्यापार एवं उद्योग महासंघ ,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्वहिंदू परिषद , मजदूर संघ , सेवा भारती ,भारतीय जनता पार्टी , नगरपालिका अध्यक्ष पार्षद सहित कई अन्य संगठनों ने भागीदारी की ।स्वदेशी संकल्प यात्रा प्रारंभ करने के पूर्व शास्त्री पार्क पर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्वागत भाषण कैट के प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा दिया गया , उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने हेतु हमें हमारे देश में निर्मित सामग्री का उपयोग ,उपभोग करना चाहिए ताकि हमारे उद्योगों हमारे व्यापारियों को प्रोत्साहन मिले , स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से ही देश प्रगति करेगा ।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष पर हम सभी को संकल्प लेना होगा कि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें ताकि हम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग कर सकें और देश को विश्व गुरु बनाने में सफल हों । अगले वक्ता के रूप में रथयात्रा के उद्देश्य को स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहप्रचार प्रमुख प्रमोद दुबे ने विस्तार से सभी के समक्ष रखा । नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने भी सभी से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु अपील की । कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने किया ।तदुपरांत रथ को भगवा झंडे दिखाकर रवाना किया गया एवं रथयात्रा स्वदेशी अपनाओ के नारों से गुंजायमान होकर लक्ष्मीगंज , सदर बाजार , हाटरोड होते हुए नगरपालिका हनुमान चौराहे पर पहुँची ।

जहाँ स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक मोनू शर्मा द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की शपथ दिलाई गई । रथयात्रा मार्ग में व्यापारी बंधुओं द्वारा यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया ।यात्रा समापन स्थल पर कैट के प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा सभी संस्थाओं के साथ यात्रा में शामिल स्वदेशी उत्पाद टाटा कार , बजाज चेतक स्कूटर , टीवीएस स्कूटर वाइक , हीरो वाइक , केशव मसाले , दुल्हन आटा सभी के संचालकों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### नाबालिग बालिका को बरामद किया

गुना । जिले की बमौरी थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले में कार्रवाई कर बालिका सुरक्षित दस्तयाब किया है। उल्लेखनीय है कि 11-12 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि में बमौरी थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के लापता होने पर दिनांक 12 दिसंबर 25 को बालिका की मां द्वारा उसके बमौरी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराध प्रकरण प्रजीबद्ध कर बालिका की तुरंत तलाश प्रारंभ की गई । अपहृता की तलाश के क्रम में सोमवार को बालिका के संबंध में पुलिस को पुख्ता जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। वहीं विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्षा डॉ. नीरू शर्मा एवं समिति सदस्यों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया है ।

### मनरेगा खत्म करने के प्रस्ताव का विरोध

**गुना ।** वामपंथी पार्टियों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर सोमवार को गुना में माकपा ने मनरेगा योजना को बदलने के विरोध में प्रदर्शन किया। हनुमान चौराहा स्थित नगरपालिका के सामने आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 की प्रतिलिपियां जलाकर विरोध दर्ज कराया।रोजगार की सुरक्षा पर संकट सभा को संबोधित करते हुए राज्य समिति सदस्य डॉ. विष्णु शर्मा और जिला सचिव जहूर खान ने कहा कि नया कानून मनरेगा के तहत मिलने वाले रोजगार की सार्वभौमिकता को खत्म कर देगा।

### कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक में त्वरित व पारदर्शी निराकरण के निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन, सड़क सुरक्षा व भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा करते हुए जिले की उत्कृष्ट रैंकिंग को बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा 100 दिवस से अधिक कोई भी शिकायत लंबित न रहे तथा शिकायतों के संतुष्टि प्रतिशत में सतत सुधार सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित जिले के समस्त विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाइन की गहन समीक्षा करते हुए जिले की उत्कृष्ट रैंकिंग को बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा 100 दिवस से अधिक कोई भी शिकायत लंबित न रहे तथा शिकायतों के संतुष्टि प्रतिशत में सतत सुधार सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री कन्याल ने सीएम ऑडिट से संबंधित प्रकरणों, सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट में लंबित मामलों के शीघ्र, तथ्यात्मक एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।बैठक में नगर पालिका एवं पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया आक्रामक श्वानों के नियंत्रण हेतु एपीसी अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जाए, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को जागरूकता के साथ चालानी कार्रवाई के माध्यम से हेलमेट उपयोग को अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया।



#### भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर विशेष निर्देश

बैठक में भिक्षावृत्ति उन्मूलन को लेकर सभी एसडीएम और महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय के साथ संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई में सुदृढ़ दस्तावेजीकरण, जनप्रतिनिधियों से संबंधित प्रकरणों, तथा भूमि आवंटन से जुड़े मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए कहा गया । कलेक्टर कन्याल ने सभी अधिकारियों से समन्वय एवं शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता से कार्य करने के लिए कहा।

### 'मोबाइल कोर्ट' के माध्यम से भूमि संबंधी प्रकरणों का किया जा रहा है त्वरित निराकरण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार 'मोबाइल कोर्ट' के माध्यम से जिले में भूमि से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निराकरण किया जा रहा है।इसी क्रम में जनसुनवाई में प्राप्त एक आवेदन पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से कार्यवाही की गई। आवेदनकर्ता शांति देवी पत्नि स्व. ओमकार लाल अहिरवार निवासी श्री राम कॉलोनी गुना ने बताया कि गुना नगर के हल्का कस्बा क्षेत्र में उनकी एक दुकान है, जिसे किराये पर दिया गया था। अनुबंध की अवधि पूर्ण होने के बाद भी संबंधित किरायेदार द्वारा न तो दुकान खाली की जा रही थी और न ही किराया दिया जा रहा था। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर तहसीलदार जीएस बैरवा द्वारा मोबाइल कोर्ट के माध्यम से मौके पर कार्यवाही करते हुए शांति देवी को दुकान खाली करवाकर विधिवत कब्जा दिलाया गया।



## समाचार संक्षेप

### कलश यात्रा निकाल कर की ध्वज स्थापना



**आरोन।** बरखेड़ा हाट मंडल में हिन्दू सम्मेलन के निमित सभी मंडल के ग्रामों से ग्राम वासी उपस्थित रहे। कलश यात्रा स्कूल परिसर में भोले नाथ जी के स्थान से विधिवत पूजन शिरोमणि दुवे विद्या भारती प्रदेश सचिव, खंड पालक ओमपाल परमार द्वारा ध्वज पूजन, कलश पूजन कर यात्रा प्रारंभ की। कलश सभी ग्रामों से आए सभी सम्मानीय बंधुओं ने सिर पर रख कर मुख्य बाजार मार्ग से ढोल और ध्वज के साथ राम नाम संकीर्तन, नारे लगाते हुए,गढ़ी मंदिर पर पहुंच कर ध्वज स्थापित शिरोमणि जी दुवे द्वारा किया गया। भारत माता की आरती,कन्या पूजन किया मंडल पालक अनिल कुमार दुवे द्वारा बताया कि सभी हिन्दू सम्मेलन के लिए समर्पित पूर्ण रहना है।मंडल के सभी ग्रामों में कलश यात्रा निकाल कर अक्षत वितरण कर आमंत्रित करना है। दिनांक 28दिसंबर2025 को वाहन रैली गढ़ी मंदिर से प्रारंभ होकर सभी ग्रामों तक जाएगी। सभी जगह भारत माता की आरती की जाएगी।

### राज्य कर्मचारी संघ कि जिला बैठक आयोजित



**गुना।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक दिनांक 3 जनवरी 2026 को दतिया में होने वाली है जिसकी तैयारी को लेकर गुना जिले में संघ की बैठक रविवार को PHE परिसर हनुमान चौराहा गुना में रखी गई। जिसमें जिला पदाधिकारी/कार्यकारिणी सदस्य/जिले की समस्त तहसील/विकास खण्ड के अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष /सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिये गये कि दतिया बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्य शीघ्र अपने नाम जिला कार्यकारिणी को प्रस्तुत करें। दतिया बैठक के लिए निर्धारित की गई धनराशि सभी तहसील ब्लॉक से एकत्रित की जावे। सभी तहसील व ब्लाक को पूर्व में प्रदाय की गई सदस्यता बुक व शेष राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी तहसील एवं ब्लाक में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मासिक बैठक आयोजित करने के निर्णय लिए गए बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने दूरदराज के इलाकों में सर्वर की समस्या होने के कारण ई अटेंडेंस की अनिवार्यता को समाप्त करवाने के मुद्दे पर तत्काल प्रदेश महामंत्री जी से दूरभाष पर चर्चा की गई। महामंत्री ने दतिया बैठक में उक्त विषय पर चर्चा करने हेतु निर्देशित किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने की संचालन जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने किया जबकि आभार व्यक्त जिला कोषाध्यक्ष संतोष सक्सेना ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष भगवत ओझा, आरोन तहसील अध्यक्ष रामगोपाल साहू, सचिव मोहन सिंह परिहार, चाचौड़ा तहसील अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, कुंभराज अध्यक्ष अरुण सिंह परिहार, गुना अध्यक्ष संजय शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्री महावीर जिनालय आरोन पर पंचकल्याणक के...

# चतुर्थ वार्षिक उत्सव पर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



श्री महावीर जिनालय आरोन में 14 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन स्व. मगनलाल मामा जी की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी राजकुमारी जी जैन एवं सुनील कुमार स्वप्निल कुमार पिपरई परिवार* के द्वारा किया गया। इस महोत्सव की समस्त विधि-विधान सागर से पधारे बाल ब्र. नन्हे भैया जी के द्वारा कराया गया। इस महोत्सव में हमारे विशेष निवेदन पर देश विदेश में ख्यति प्राप्त युवा विद्वान डॉ विवेक छिनवाड़ा का मंगल स्वाध्याय का लाभ सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को प्राप्त हुआ।

दिनांक 22.12.2025 को समापन के अवसर पर श्रीजी की यात्रा सुबह 9: 15 बजे से श्री महावीर जिनालय से प्रारंभ हुई एवं बड़े जैन मंदिर जी से वापस महावीर जिनालय* आई श्री जी की शोभायात्रा में समस्त जैन समाज आरोन के साथ साथ गुना राधौगढ़ कुंभराज अशोकनगर सिरोंज पिपरई आदि स्थान से पधारे साधर्मी जनों ने उत्साह के साथ भाग लिया ।

इसके पश्चात सभी साधर्मी जनो का एवं बहार से पधारे सभी अतिथियो का वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। समस्त आयोजन मुमुक्षु मंडल आरोन के तत्वाधान में संपन्न हुआ।

## राज्य स्तरीय रेडक्रास के सदभावना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



शासकीय क्रांति वीर तात्या टोपे विश्व विद्यालय गुना में राज्य स्तरीय रेड क्रॉस सद्भावना शिविर में रेड क्रॉस जिला संघ गुना एवं कलेक्टर गुना एवं जिला शिक्षा अधिकारी गुना के मार्गदर्शन में शा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर से काउंसलर अम्बरीष कुमार कस्तवार भादौर के साथ, जुनियर रेड क्रॉस सद्भावना शिविर में सहभागिता की रेड क्रॉस लीडर्स, छाया अहिरवार, संजना अहिरवार, भूरिया अहिरवार, ऋषिका प्रजापति, सुमित अहिरवार, अमित अहिरवार, प्रिंस अहिरवार, विष्णु सपेरा, अर्पित प्रजापति, विकास अहिरवार ने सहभागिता कर विभिन्न प्रकार के एडवेंचर कैंप किए और राज्य स्तरीय रेड क्रॉस सद्भावना शिविर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर का नाम रोशन किया। जिसमे काउंसलर अम्बरीष कुमार कस्तवार भादौर का सराहनीय कार्य है।



## बीएसएनएल द्वारा 5 जी सेवा शुरू करने की मांग, सांसद प्रतिनिधि विजय कुमार जैन ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

जिला टेलीफोन सलाहकार समिति की बैठक में दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद के सांसद प्रतिनिधि विजय कुमार जैन ने मांग की है भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल द्वारा 5जी सेवा प्रारंभ की जाए। जिला दूरसंचार कार्यालय गुना चक्रवर्ती जैन प्रभारी उप महाप्रबंधक की उपस्थिति में बैठक में विजय कुमार जैन ने बैठक में दिए लिखित प्रस्ताव में उल्लेख किया है अन्य निजी मोबाइल कंपनियों द्वारा 5 जी सेवा प्रारंभ कर दी गई है मगर बीएसएनएल द्वारा यह सेवा प्रारंभ नहीं की गई है। आपने यह भी उल्लेख किया है कि बीएसएनएल की 4जी सेवा सुचारू रूप से नहीं चलने से उपभोक्ताओं को परेशानी आ रही हैं 4जी सेवा के नेटवर्क को ठीक करने की मांग की है।आपने यह भी उल्लेख किया है ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में इंटरनेट ब्रॉड बैंड कनेक्शन अनेक ग्राम



पंचायतों में बंद पड़े हैं। पत्र में लिखा है राघोगढ़ विकासखंड में 99 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन है। जिनमें मात्र 4 ग्राम पंचायत में आवन, जामनेर,बरसत एवं सालौटा में ब्रॉडबैंड चालू है। शेष 95 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन बंद है। आपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है चांचौड़ा विकासखंड में कुल 107 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन बंद हैं। इन्हें चालू कराने की मांग की है। गुना एवं अशोकनगर जिलों में वर्तमान में बी एस एन एल के तेहसील मुख्यालय पर एक मात्र अनुविभागीय अधिकारी टेलीफोन पदस्थ हैं। विभागीय कार्यालयों को चलाने के लिये एक कर्मचारी और पदस्थ करने की मांग की है। राघौगढ़ में स्टाफ नहीं होने से विभागीय उपभोक्ता सहायता केंद्र बंद है। उपभोक्ताओं को सहायता केंद्र से संबंधी कार्यों के लिये 35 किलोमीटर दूर गुना जाना पड़ता है। विजय कुमार जैन ने मांग की है उपभोक्ता सहायता केंद्र चालू किया जाये। आपने दिये प्रस्तावों में यह उल्लेख किया है कि गुना एवं अशोकनगर जिलों में बीएसएनएल की संपत्ति प्रमुख मार्गों पर है वह संपत्ति उपयोग नहीं की जा रही है आपने मांग की है कि बीएसएनएल की संपत्तियों का दुकान आदि बनाकर व्यावसायिक उपयोग करने पर भी विचार किया जावे। बैठक में समिति के सदस्य सौरभ यादव ने भी भाग लिया।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत मालवा कॉलेज ने विद्यालयों में किया प्रेरक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंभराज एवं सांदीपनी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंभराज में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के असिस्टेंट डायरेक्टर नितिन गौरकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "आज का विद्यार्थी ही कल का भविष्य है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है।"उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन एवं जीवन कौशल के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।वहीं कार्यक्रम के प्रशासनिक प्रमुख वीरेंद्र सेन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "परिस्थितियाँ कैसी भी हों, अगर संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से ही सफलता प्राप्त होती है।" उनके सारगर्भित शब्दों से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम में मोनिका पालीवाल ने एमडीएम (मिड-डे मील) से संबंधित जानकारी देते हुए बच्चों को पौष्टिक आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, इसलिए संतुलित भोजन और स्वच्छ आदतें अत्यंत आवश्यक हैं।"इस प्रेरक कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा, अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा, जिसमें यह आयोजन पूर्णतः सफल रहा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन किया



**अशोकनगर।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार बढ़ती हिंसा, नरसंहार और अत्याचार की घटनाओं के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा सोमवार शाम 5 बजे गांधी पार्क में जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए और इस्लामिक कट्टरता का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। वहां हिंदू समाज के लोगों पर हिंसा, लूटपाट, महिलाओं के साथ अत्याचार, मंदिरों के विध्वंस और जबरन पलायन जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। वक्ताओं ने हाल ही में घटित एक अमानवीय घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि दीपु नामक एक हिंदू युवक, जो गारमेंट फैक्ट्री में कार्यरत था और किराए के मकान में रहता था, को पैगंबर मोहम्मद के अपमान के झूठे आरोप में कट्टरपंथी भीड़ ने बेरहमी से पीटा। आरोप है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को पेड़ से बांधकर जला दिया गया। इस घटना से पूरे हिंदू समाज में गहरा आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार पर अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि वहां की सरकार की उदासीनता के कारण कट्टरपंथियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। संगठन ने भारत सरकार एवं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की कि वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए ठोस और कठोर कदम उठाएं।इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव, जिला अध्यक्ष संतोष रजक, अभिषेक मोहरी, नगर अध्यक्ष दुष्यंत परिहार, रवि बंशकार, हरिभजन प्रजापति, अप्पू सोनी, गोलू धाकड़, मनोज प्रजापति, भाईयों शर्मा, गुड्डू भैया, प्रेम सिंह जादौन, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने जिले में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 संशोधित नियम 2017 के कार्यप्रणाली, विमुक्ति, पुनर्वास एवं अधिनियम के अंतर्गत विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी कार्य योजना के अंतर्गत भिक्षावृति में लिप्त एवं स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों का चिन्हांकन, पुनर्वास पर जोर, समिति द्वारा प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण एवं बाल श्रम करवाने वाले जिले के नियोजन के स्थलों पर अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृज बिहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीओपी विवेक शर्मा, प्रभारी जिला श्रम अधिकारी सुरभि रघुवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास चंद्रसेना भिड़े, बाल कल्याण समिति के सदस्यगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## साहबजादों ने कहा-शहादत स्वीकार है, धर्म नहीं बदलेंगे: डॉ निशांत खरे

**अशोकनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित भाजपा अशोकनगर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को स्थानीय अग्रवाल पैलेस में आयोजित किया गया। साथ ही वीर बाल दिवस पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों की शहादतों के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर संभाग के प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ निशांत खरे ने आने वाले समय में संगठनात्मक कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेई के विषय में संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही वीर बाल दिवस पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों की शहादतों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब मुग़ल सल्तनत द्वारा उन पर धर्म परिवर्तन के लिए यातनाएं देकर दबाव डाला गया तो उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए कहा कि शहादत स्वीकार है धर्म नहीं बदलेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आमजन के बीच हिंदू धर्म की रक्षा के लिए श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों की शहादत को सुनाने की बात कही साथ ही उन्होंने इतिहासकारों पर भी सवाल उठाने की बात कही जिन्होंने सत्ता प्राप्त कर अंग्रेजों की मनसा अनुसार इतिहास लिखा। इस दौरान बलिदान दिवस के प्रभारी मलकीत सिंह संधू ने कहा कि इस दिसंबर माह से बलिदान दिवस का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है, जो 27 दिसंबर तक चलेगा जिसमें आगामी होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने स्वागत भाषण दिया।



कार्यक्रम को नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र लोधी जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ने किया तथा आभार जिला महामंत्री डॉक्टर शीला जाटव ने व्यक्त किया। सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष जयकुमार सिंघई पूर्व विधायक लड्डू राम कोरी गजराम सिंह यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य नारायण प्रसाद शर्मा मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, बबलू यादव, सनत शर्मा, अतुल रघुवंशी, अशोक रघुवंशी, मंडल प्रभारी मनोज शर्मा, सलिल त्रिपाठी,सुधीर रघुवंशी, दयाशंकर कुशवाहा सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीरबल दिवस पर होंगे कार्यक्रम

सम्मेलन में बलिदान दिवस के प्रभारी मलकीत सिंह ने बताया कि 23 दिसंबर से श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहबजादों की शहादत को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सागर चक्र बरिया में 24 दिसंबर को मलखेड़ी में 25 दिसंबर को गुरुद्वारा ईशर प्रकाश वरियाम सर विदिशा रोड पवारगढ़ 26 दिसंबर को 10:00 बजे से 2:00 बजे तक रहेगा।

## मुंगावली पुलिस थाने में पत्रकार पर झूठा प्रकरण दर्ज करने के संबंध में निष्पक्ष जांच कराने की मांग



**मुंगावली।** पत्रकार साथी केशव सिंह सिकरवार जो कि एक न्यूज चैनल एवं समाचार पत्र में संवाददाता हैं। जिन्होंने बालिका छात्रावास मुंगावली की अधीक्षिका के विरुद्ध समाचार पत्र में खबर प्रकाशित दिनांक 15 एवं 16 दिसंबर 2025 को की थी। साथ ही 10 दिसंबर 2025 को अधीक्षिका के हॉस्टल में भ्रष्टाचार संबंधी सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई थी। इससे आक्रोशित होकर और अपने द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए अधीक्षिका मीरा निराला द्वारा पत्रकार के विरुद्ध झूठा प्रकरण दर्ज मुंगावली थाने में दर्ज कराया गया। पूर्व में भी अधीक्षिका के द्वारा अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी झूठे प्रकरणों में फसाने के लिए आवेदन दिए। जिनकी छाया प्रति भी संलग्न हैं। यदि पत्रकारों पर इस प्रकार के मिथ्या मनगढ़ंत पूर्वक षड्यंत्र कर आरोप और प्रकरण दर्ज होते रहे तो हम निष्पक्ष पत्रकारिता कैसे कर पाएंगे। इस तरह यह चौथे स्तंभ पर और उसकी स्वतंत्रता पर आघात है। पत्रकार पर दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच कर इस झूठे प्रकरण को निरस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

## लीनेस क्लब ने सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए




**अशोकनगर।** सोमवार को लीनेस क्लब की महिलाओं ने एक गरीब बस्ती में जाकर जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए। क्लब की अध्यक्ष रजनी शुक्ला ने कहा कि अचानक अत्यधिक सर्दी को देखते हुए सर्दी से बचाव के लिए बस्ती के लोगों को जो ठंड के कपड़े खरीदने में असमर्थ है, ऐसे लोगों को क्लब के सभी सदस्यों की तरफ से गर्म कपड़े जिसेमं स्वेटर, मौजे ,दस्ताने, जूते, टोपे आदि वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों को खाने का समान भी दिया गया और बच्चों को पौष्टिक गरम दूध भी पिलाया गया। कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखकर सभी सदस्य बहुत खुश हुए। बस्ती के लोगों ने सभी सदस्यों का शुक्रिया किया। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ सचिव प्रीति बंसल, अलका अग्रवाल, रश्मि मिगलानी, गंगा रघुवंशी, विजया अग्रवाल, प्रिया खुराना, दिपा रघुवंशी, अंजू दुबे आदि उपस्थित रहे।

### किरण अग्रवाल को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया

**अशोकनगर।** सोमवार को मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा द्वारा अशोकनगर जिले में महिला इकाई का गठन किया गया है ताकि समाज में महिला वर्ग द्वारा गतिविधियों को संचालित किया जा सके और सामाजिक एकता के साथ आपसी समनवय को मजबूत किया जा सके। जिसमें किरण अग्रवाल को जिला अध्यक्ष क पद पर मनोनीत किया है साथ ही अर्चना बंसल को जिला उपाध्यक्ष, संगीता अग्रवाल को जिला महामंत्री, सुनीता अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष, अंजू अग्रवाल को जिला प्रभारी एवं अलका अग्रवाल को जिला महासचिव बनाया गया है। इन सभी पदाधिकारियों का महिलाओं ने स्वागत किया है और कहा है कि वह सभी मिलकर संगठन को बेहतर तरीके से गति प्रदान करेगी।



## शाढौरा में आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया



**अशोकनगर।** संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश आदेशानुसार, कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेन्द्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर शाढ़ौरा द्वारा आयुष जनस्वास्थ्य कार्यक्रम में वयोमित्र थीम के अंतर्गत सोमवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. नीलेश कुमार माहौर आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ दीपाली चैधरी, हरिशंकर चैरसिया कम्पाउन्डर, प्रभा कुशवाह महिला स्वास्थ्य कर्ता के द्वारा मरीजो की बीपी एवं शुगर जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया।

### जहरीले पदार्थ का युवक ने सेवन किया, उपचार जारी

**अशोकनगर।** देहात थाने के अंतर्गत गा्रम पीपलखेडा निवासी छोटू पुत्र अमोलसिंह कुशवाह उम्र 20 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां उसका उपचार गहन चिकित्सा इकाई कक्ष में चल रहा है।

### बाईक आपस में भिड़ी चालक घायल

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय पठार मोहल्ला स्थित वाटर वक्स के समीप दो बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में दो युवक घायल हुए हैं जिनमें गोपाल पुत्र प्यारेलाल प्रजापति निवासी ग्राम बेरखेडी उम्र 45 वर्ष और जितेन्द्र पुत्र कल्याणसिंह उम्र 20 निवासी गा्रम पीपरी शामिल हैं। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

## खबर संक्षेप

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय बोहरे कॉलोनी निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र मिश्रीलाल शर्मा उम्र 70 वर्ष को जहरीला पदार्थ का सेवन करने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था जहां उसकी मौत हो गई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फरदाई निवासी विनोद पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गंगाराम पाल एवं रामकृष्ण पाल ने कुल्हाड़ी से हमला कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के जिले कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हमीदपुर निवासी कमल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू और ओमप्रकाश कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरोंदा निवासी उमकार सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धीरज, अमरसिंह, मोहरसिंह, और भागवाई कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सीमा बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उमकार जाटव, सुनीताबाई जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथन निवासी सतपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल और हल्के यादव ने उससे मारपीट की।

### महिला नसबंदी शिविर में 107 महिलाओं ने पंजीयन कराया, 30 का होगा ऑपरेशन

# महिलाओं में नसबंदी को लेकर उत्साह लेकिन ऑपरेशन की गति धीमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल अशोकनगर में बीती रात से महिलाएं नसबंदी ऑपरेशन कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंच गईं हैं। नसबंदी को लेकर महिलाओं में उत्साह है लेकिन जिला अस्पताल में महिलाओं की नसबंदी को लेकर उत्साह नहीं है। 107 महिलाओं ने पंजीयन कराया है और 30 महिलाओं का ही ऑपरेशन होगा। पूरी रात से महिलाएं ठण्ड में परेशान हैं, ऑपरेशन भी 77 महिलाओं का नहीं होगा, उन्हें वापिस लौटना पड़ेगा।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. भूपेन्द्र शेखावत ने बताया कि 30 महिलाओं का ऑपरेशन किया जाएगा, जिन महिलाओं का ऑपरेशन होगा, उन्हें सुविधाएं दी जाएगीं। जो महिलाएं आई हैं और ऑपरेशन नहीं होगा उन्हें कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक जिले को नसबंदी ऑपरेशन के लिए लक्ष्य प्रदान किया जाता है अशोकनगर जिला प्रदेश में एक बार नसबंदी ऑपरेशन को लेकर प्रथम स्थान पर रह चुका है लेकिन वर्तमान में जो स्थिति नजर आ रही है उसे देखकर लगता है कि लक्ष्य को प्राप्त करना तो दूर, जो महिलाएं आ रहीं है उनका ही ऑपरेशन हो पाना संभव नहीं लग रहा है। एक ओर शासन जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिए इस तरह के शिविरों का आयोजन कर रहा है। दूसरी ओर शासन से प्रभावित होकर ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को ऑपरेशन न होने से वापिस लौटना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के डॉ. डी.के. भार्गव ने बताया कि एक दिन में अधिकतम 30 ऑपरेशन ही किए जाते हैं। जिला अस्पताल में मंगलवार का दिन महिला नसंबदी ऑपरेशन के लिए दिन निश्चित है और वुधवार को शाढ़ौरा में किए जाते हैं। इस तरह के ऑपरेशनों को लेकर अधिक से अधिक डॉक्टरों को डयूटी पर लगाया जाना चाहिए ताकि स्वेच्छा से आने वाली इन महिलाओं को शिविर स्थल ने निराश होकर अपने घर न लौटना पड़े।

शासन के जन संख्या नियंत्रण को लेकर प्रदेश की सभी शासकीय अस्पतालों में नशबंदी शिविर का आयोजन शीतकाल के मौसम में किया जाता है ऐसा ही अशोकनगर जिला अस्पताल में मंगलवार को नशबंदी शिविर का आयोजन होना था। जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा, उषा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को प्रेरित कर नशबंदी कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची थीं। यह महिलाएं रात को ही 12 बजे से जिला अस्पताल में एकत्रित होने लगीं थी, जिले के दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से कईं महिलाएं परिवार नियोजन का पालन करने और नशबंदी कराने के लिए अपने परिजनों और छोटे बच्चों के साथ कतार में लगकर जिला अस्पताल प्रसूती वार्ड के बहार कड़कड़ाती ठण्ड के बीच बैठी नजर आईं। महिलाओं ने बताया कि क्या करें ऑपरेशन करवाना है यहां कोई नीचे फर्स बिछा है न ही कुर्सियां लगी है इसलिए नीचे बैठकर बच्चों को नीचे गोदी में लिए हुए हैं। जिन महिलाओं के रिश्तेदार अशोकनगर में रहते है वह तो उनके घरों में जाकर ठहर गईं थीं परन्तु ऑपरेशन के लिए नम्बर लगाने के लिए वह भी घने कोहरे के बीच में जिला अस्पताल में पहुंची और लाईन में लग गईं। कईं महिलाएं जिला अस्पताल के पर्चा बनने वाले काउन्टर पर गई परन्तु उन महिलाओं के पर्चे नहीं बनाए गए। बताया गया कि कल सुबह 9 बजे के बाद ही पर्चे बनाए जाएगें। जब सुबह 9 बजे पर्चा बनना थे उसके बाद महिलाओं की जांच होना थी तब इन महिलाओं को उनके घरों से अथवा ग्राम से अशोकनगर समय से पहले क्यों बुलाया गया। इस ठण्ड के मौसम में जहां महिलाएं परेशान हुईं वहीं उनके साथ आए छोटे बच्चे और परिजन भी ठण्ड में परेशान होते रहे। कईं महिलाओं ने अपने बच्चों को ठण्ड से बचाने के लिए किराए से मिल रही रजाई लिए और उन्हें ठण्ड से बचाने का प्रयास किया। जिला अस्पताल में अभी तक ठण्ड से बचाव के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। प्रत्येक वर्ष नगरपालिका जिला अस्पताल में रोगियों के साथ आने वाले परिजनों को जलाउ लकड़ी उपलब्ध करवाती है। जिससे वह आग जलाकर ठण्ड से बचाव कर सकें। पहले जिला अस्पताल में हर वार्ड में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को हीटर उपलब्ध कराए जाते थे। लेकिन इस वर्ष स्वास्थ्य कर्मियों को हीटर और न ही वार्डों में हीटर लगाए गए हैं। ऐसी ही परिस्थितियों में नशबंदी के लिए आईं महिलाएं और उनके परिजन ठण्ड फर्स पर नीचे बैठे नजर आए।

# सुशासन सप्ताह के तहत जिले में शिविरों का आयोजन किया






**अशोकनगर।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा 'सुशासन सप्ताह' (गुड गवर्नेन्स वीक) के उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसंबर 2025 तक राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' का आयोजन किया गया है।


अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविरों में प्राप्त शिकायतों और मांगों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में सुशासन अभियान के अंतर्गत 19 दिसम्बर तक 21 दिसम्बर तक कुल 2241 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1815 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष 423 आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण हेतु प्रेषित किये गए। सुशासन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत अशोकनगर में अभी तक 742 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से 620 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाकर संबंधित हितग्राही को हितलाभ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । अन्य ऐसे 122 आवेदन जिनका निराकरण ब्लॉक या जिला स्तर से किया जाना था उनके आवेदनों को संबंधित विभाग प्रमुखों को भेजकर निराकरण की कार्यवाही की जा रही है । इसी प्रकार जनपद पंचायत चंदेरी में सुशासन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत चंदेरी में अभी तक 467 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से 299 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाकर संबंधित हितग्राही को हितलाभ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अन्य ऐसे 168 आवेदन जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा समय सीमा में किया जा रहा है। जनपद पंचायत ईसागढ़ में सुशासन अभियान के अंतर्गत अभी तक 285 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से 227 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाकर संबंधित हितग्राही को हितलाभ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अन्य ऐसे 58 आवेदन जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा समय सीमा में किया जा रहा है। जनपद पंचायत मुंगावली में सुशासन अभियान के अंतर्गत अभी तक 747 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से 669 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाकर संबंधित हितग्राही को हितलाभ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अन्य ऐसे 75 आवेदन जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा समय सीमा में किया जा रहा है।

# कोटा-बीना ट्रेन में अलग-अलग किराया!

### कोटा मंडल ने पैसेंजर और भोपाल ने एक्सप्रेस ट्रेन का लिया किराया








**अशोकनगर।** कोटा बीना रेल खण्ड पर शुरूआती दौर से ही कोटा बीना ट्रेन चलती आई है जो प्रत्येक स्टेशन पर रूकती है। यह ट्रेन कोटा बीना खण्ड पर सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन है, शुरू से ही इस ट्रेन में पेसैंजर का किराया वसूल किया जाता है लेकिन इस ट्रेन में जो स्टेशन कोटा रेल मण्डल के अंतर्गत आते हैं उनसे पेसैंजर ट्रेन का किराया लिया जाता है और जो भोपाल रेल मण्डल के अंतर्गत आते हैं उनसे एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूल किया जाता है। ट्रेन एक है दोनों जगह पेसैंजर है फिर भी यात्रियों से भेद भाव कर सिंधिया के क्षेत्र में चलने वाली ट्रेन में रेल अधिकारी खुलकर एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूल कर रहे हैं।

कोटा बीना पेसैंजर ट्रेन 11603 और 11604 में जब से यह रेल खण्ड बना है तब से ही चलती आ रही है, राजस्थान और मध्यप्रदेश को आपस में जोड़ने वाली यह ट्रेन दो रेल मंडलों में विभाजित है। रूठियाई के बाद कोटा रेल मंडल शुरू होता है और रूठियाई से पहले भोपाल रेल मंडल शुरू होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इस ट्रेन मे यात्रा करने वाले राजस्थान राज्य के लोगों से कोटा रेल मंडल पेसैंजर ट्रेन का किराया वसूल करता है और मध्यप्रदेश राज्य के लोग जो केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के क्षेत्र में निवास करते हैं उनसे भोपाल मण्डल द्वारा एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूल किया जा रहा है। एक ट्रेन और किराया अलग अलग यह कैसे हो सकता है इस पर यात्री भले ही ध्यान न दे पाते हों लेकिन रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य सुनील आचार्य ने इसे गंभीर मामला बताया है और इस संबंध में केन्द्रीय मंत्री और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और रेल महाप्रबधंक जबलपुर को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने इस तरह की विसंगति को लेकर नाराजगी जताई है और यात्रियों के साथ रेल विभाग द्वारा अधिक किराया लिए जाने के मामले को रेल उपभोक्ताओं के हितों पर कुठाराघात करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएस को फोन लगाकर अवगत कराया गया तब उनके द्वारा कोई जबाव नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि गुना के बाद जो पहला स्टेशन मावन आता है वहां से बीना तक के स्टेशनों के लिए एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिया जा रहा है और गुना से कोटा की ओर जाने वाले यात्रियों से पेसैंजर ट्रेन का किराया लिया जा रहा है।

# मुनिश्री का शाढ़ौरा से ईसागढ की ओर प्रवास



**अशोकनगर।** राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ का आज दोपहर बाद शाढ़ौरा से ईसागढ़ की ओर मंगल विहार हो गया। इसके पहले आज प्रातः काल की वेला में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में पहली बार भगवान श्री पारस नाथ भगवान का महा मस्तिष्काभिषेक भक्तों द्वारा किया गया। दोपहर में राष्ट्रसंत ने ईसागढ़ की ओर विहार कर दिया। इधर प्रातः काल की वेला में सुभाष गंज में जगत कल्याणक की कमान के लिए महा शान्ति धारा की गई इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव आज दोपहर बाद शाढ़ौरा से ईसागढ़ की ओर विहार करते हुए कल मंगलवार को प्रातः काल की वेला में महिदपुर मंगल प्रवेश करेंगे जहां परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में महिदपुर में भव्य विमान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा इस दौरान प्रातः काल की वेला में जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की जायेगी

### बाहर कठोर अनुशासन और अंदर से प्यार होना चाहिए

इस दौरान परम पूज्य मुनि श्री ने कहा कि बच्चों से बाहर कठोर अनुशासन और अंदर से प्यार होना चाहिए वाहर से कड़क होना चाहिएतव आप अपने बेटे को अच्छा वना सकते अपने वच्चो को पैसे देकर हिसाब अवश्य लेना चाहिए। मस्टर से बचाने वाले अव कोई नहीं है पहले शिक्षा देने वाला गुरु होता था आज सब कर्मचारी हो गया आज देश का दुर्भाग्य देखो गुरु का काम कर्मचारियों की में श्रेणी रख दिया एक कर्मचारी की कृपा औकात जो मेरे बेटे को मार सके आज का दौर बहुत चिंतिन हो गया बेंगलूर की घटना है अखबार में आया था कि एक बिटिया से पिता ने मोबाइल ले लिया।

# लाखों खर्च कर भवन बनाने के बाद भूले जिम्मेदार, हो रहे हैं खंडहर



**अशोकनगर।** बहादुरपुर क्षेत्र में सरकार इमारतें बना कर भूल गई है। यह इमारतें बनने के बाद एक भी दिन इस्तेमाल नहीं हुईं और खंडहर होती जा रही हैं। कहीं विभागों के बीच समन्वय नहीं है, तो कहीं फिर बिना संस्था स्वीकृत हुए भवन बना दिया गया। एक भवन तो बीच खेत में खड़ा कर दिया गया है, जहां तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता ही नहीं है। कई भवन तो मुख्यमार्ग पर हैं, जिन पर आते-जाते अधिकारियों की निगाह भी ठहरती है। किंतु बेकदरी का षिकार हुए यह भवन अपनी बदहाली के आंसू रो रहे हैं।

#### प्रकरण 1.

अशोकनगर से बंगला चैराहा तक मार्ग पर बंगला चैराहा से ठीक पांच सौ मीटर पहले खेतों के बीच एक भवन खड़ा हुआ है। यह भवन राजस्व निरीक्षक कक्ष है। इसे दस वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब पांच लाख रुपए खर्च कर बनाया गया था। तत्समय तहसील मुख्यालय बहादुरपुर था। भवन बनाने का उद्देश्य था कि इसमें घाट बमुरिया क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक बैठकर किसानों की स्थानीय स्तर पर हल हो सकने वाले कामकाज देखेंगे। किंतु भवन जहां बनाया गया, उसके इर्द-गिर्द खेत मालिक ने तब से ही लगातार फसलें बो रखी हैं। अब यह भवन बड़ी-बड़ी झाड़ियों से घिर चुका है। दरवाजे टूटने लगे हैं।

#### प्रकरण 2.

बहादुरपुर कस्बे में पुलिस थाने से सटकर एक खंडहर है। इस खंडहर पर राजस्व निरीक्षक कक्ष लिखा हुआ है। खंडहर के सामने ही 2018 से 2024 तक ग्राम पंचायत के बहुउद्देशीय भवन में तहसील कार्यालय का संचालन होता रहा लेकिन इस खंडहर के हाल नहीं सुधरे। मुद्दा मरम्मत पर अटका हुआ है, लोक निर्माण विभाग का दावा है कि भवन को बनाने के बाद राजस्व विभाग के हैण्डओव्हर कर दिया गया था, इसलिए मरम्मत राजस्व विभाग ही कराएगा। वहीं राजस्व के अधिकारी इसकी मरम्मत लोनिवि से कराने पर ही अड़े रहे। इस भवन के खिड़की-दरवाजे टूट चुके हैं। पानी की टंकी चोरी हो गई।

#### प्रकरण 3.

क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा में 2022 वर्ष के दौरान 45 लाख की लागत से एक उपस्वास्थ्य केन्द्र का भवन स्वीकृत हुआ। यह गांव बर्री उपस्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत है। बर्री गांव के लोगों ने आपत्ति उठाई तो स्वास्थ्य विभाग ने सफाई दी कि नरखेड़ा के लिए भी पृथक से उपस्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हो चुका है, इसलिए यह भवन बर्री में नहीं बनेगा। अब दो वर्ष से भवन बनकर तैयार है जबकि स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में इस गांव में कोई उपस्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत नहीं है। बर्री में भी दूसरा भवन बनाने की तैयारी है। जिसका टेंडर भी हो चुका। नरखेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि यदि भवन में केन्द्र का संचालन शुरु नहीं हुआ तो यह खंडहर हो जाएगा।

# राष्ट्रपति पदक से सम्मानित जांबाज सोम सिंह का निधन

### डकैत भगत सिंह को अकेले दबोचने किया था कारनामा



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश पुलिस में साहस और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाले जांबाज अधिकारी सोम सिंह रघुवंशी अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन की खबर से पूरे गुना जिले सहित पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को गुना के बूढ़े बालाजी स्थित श्रीराम मुक्तिधाम में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सोम सिंह रघुवंशी के नाम वीरता का वह किस्सा दर्ज है, जो आज भी पुलिस जवानों के लिए प्रेरणा है। घटना 20 फरवरी 1982 की है, जब वे हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उन्हें सूचना मिली कि विदिशा का खूंखार डाकू भगत सिंह, जिसने एक पूर्व विधायक की हत्या की थी और कई बड़ी डकैतियों में शामिल था, गुना जिले में छिपा हुआ है। मुठभेड़ के दौरान जब डकैत भगत सिंह ने अपनी 12 बोर की बंदूक से उन पर फायर किया, तब सोम सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना सीधे डकैत से भिड़ गए। उनकी इसी वीरता के लिए उन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। सोम सिंह रघुवंशी न केवल एक साहसी पुलिस अधिकारी थे, बल्कि वे अपने मिलनसार और सहज व्यक्तित्व के लिए भी पहचाने जाते थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक रूप से सक्रिय रहे। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम विदाई में शहर के गणमान्य नागरिक, पुलिस अधिकारी और परिजन शामिल हुए। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों ने कहा कि सोम सिंह का निधन जिले के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने सेवाकाल में साहस के जो आयाम स्थापित किए, वे हमेशा याद किए जाएंगे।

### विजिबिलिटी 50 मीटर, तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

# घने कोहरे के साथ ठंड की शुरूआत, अलाव का ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







सोमवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई दूर दूर तक घने कोहरे के कारण कुछ भी देख पाना सभंव नहीं था 50 मीटर दूर तक कोहरे के कारण विजिविलिटी कम होने से लोगों को घने कोहरे का सामना करना पड़ा, तापमान भी 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अशोकनगर जिले में अब ठण्ड की शुरूआत हो चुकी है इस मौसम में पहली बार घना कोहरा देखा गया। दूर दूर तक सड़कों पर कोहरे के कारण 50 मीटर तक कुछ नजर नहीं आया। लोगों को या तो सड़कों के किनारे अपने वाहन खडे करके कोहरा कम होने का इंतजार करना पड़ा या फिर वाहन चालक लाईट जलाकर वाहन चलाते हुए नजर आए। कईं जगह कोहरा इतना घना था कि बाहरी इलाकों में लोगों को कोहरे के बीच निकल पाना मुश्किल हो रहा था। घने कोहरे के बीच तापमान भी अब 10 डिग्री सेल्सियस पर चल रहा है। ठण्ड के महीने दिसम्बर से फरबरी तक के रहते आए हैं दिसंबर महीने के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत हुई है इस पखवाड़े में ठण्ड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। कहते हैं कि दिसम्बर का महीना ठण्ड के शुरूआत का महीना होता है। यह महीना भी ठण्ड का रहता है और आने वाला जनवरी का महीना भी ठण्ड से भरा होता है। अगर ठण्ड के मौसम की बात माने तो अब ठण्ड की शुरूआत पूरी तरह से हो गई है। ठण्ड की अधिकता होने के साथ ही लोगों को अब गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है दिन हो या रात गर्म कपड़े का लोग उपयोग तो कर ही रहे हैं साथ ही जगह जगह अलाव जलाकर लोगों को ठण्ड से बचाव करते हुए देखा गया। सुबह की भोर में प्रतिदिन घूमने के लिए निकलने वाले लोगों को भी अब ठण्ड के दिनों में बचाव करके निकलना पड़ रहा है। सोमवार की सुबह जब लोग सोकर उठे और घना कोहरा देखा तो वह घने कोहरे के बीच न निकलते हुए या तो अपने घरों को लौट गए या फिर कोहरा कम होने का इंतजार करते हुए देखे गए। घने कोहरे के कारण ओस की बून्दे पेड़ों के पत्तों पर जम गईं, जो बूंद बूंद करके नीचे गिरते हुए देखी गईं। ठण्ड के इस मौसम को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आम लोगों को ठण्ड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है कि वह ठण्ड के इस मौसम में शरीर को ढक कर चलें। ऐसे चीजों का उपयोग न करे जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालता है। जिला अस्पताल अशोकनगर में भी महिलाओं को अपने छोटे बच्चों को लेकर डॉक्टरों के यहां इलाज कराते हुए देखा गया। ठण्ड का यह मौसम अब धीरे धीरे और ठण्डा होने की संभावनाएं हैं। ठण्ड का मौसम शुरू होने के बाद बाजार में गर्म कपड़ों की मांग भी अब तेजी से हो रही है, अभी तक दुकानदार ठण्ड पड़ने का इंतजार कर रहे थे लेकिन ठण्ड की शुरूआत के साथ ही दुकानदारों के यहां भी गर्म कपड़े खरीदने वालों की कतारे लगने लगीं हैं। पहले कभी एक जमाना था जब लोग ऊन से बने स्वेटरों का इंतजार करते थे लेकिन अब उसकी जगह जर्किन, जैकेटों ने ले ली है। सिर को बचाने के लिए भी लोग टोप और मफलर का सहारा ले रहे हैं। क्योकि सबसे अधिक ठण्ड सिर के हिस्से से पहुंचती है। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में यह कारोबार और चमकने के आसार हैं।

### नियमित शिक्षक के साथ उसी विषय के अतिथि कर रहे साथ काम

# हाईकोर्ट डबल बेंच का आदेश भी नहीं मान रहे डीईओ!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

इसको राजनैतिक दबाव कहें या फिर कोई और मजबूरी कि महत्वपूर्ण पद पर होते हुए भी जिला शिक्षाअधिकारी राजगढ़ हाईकोर्ट इंदौर बेंच का आदेश मानने भी तैयार नहीं। मामला शुरू होता है खुजनेर जनशिक्षक के पद से बखेड उच्चपद प्रभार देने एवं ज्वाइन करने के लिए जिलाशिक्षाधिकारी द्वारा रिलीव न करने से । कन्याशाला खुजनेर में जनशिक्षक के पद पर अतीक मंसूरी पदस्थ थे विभाग ने 6 अगस्त 24 को उच्च पद प्रभार लेने के लिए उन्हें ग्राम बखेड भेजा परंतु बिडम्बना शिक्षा विभाग ने उन्हें खुजनेर से कार्यमुक्त नही किया। जबकि 13 मार्च 25 को जिलापंचायत सीईओ ने कार्यमुक्त के निर्देश दिए परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें फिर भी रिलीव नहीं किया। जिसके चलते शिक्षक मंसूरी ने उच्च न्यायालय इंदौर का दरबाजा खटखटाया और कोर्ट ने अतीक मंसूरी को बखेड स्कूल में ज्वाइन करने का आदेश दिया परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें ज्वाइन नहीं करने दिया। जबकि वहां पर दूसरे शिक्षकों का अटैंचमेंट कर रखा है और उसी विषय का अतिथि भी काम कर रहा है जो डीईओ की मनमानी को प्रदर्शित करता है।




#### जिला शिक्षाधिकारी द्वारा की गई हाईकोर्ट की अवमानना

हाईकोर्ट में अतीक मंसूरी द्वारा दायर पिटिशन के जबाव में कोर्ट ने 21 अगस्त 25 को दिए गए अपने आदेश में अतीक मंसूरी को बखेड स्कूल में ज्वाइनिंग के आदेश दिए परंतु हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी आज तक मंसूरी को बखेड में ज्वाइन नहीं करवाया। ऐसे कौन से कारण है कि डीईओ करनसिंह भिलाला कोर्ट की अवमानना करने से भी नहीं डर रहे हैं।

शिक्षा विभाग लगातार घोटालों का पुलिंदा बनता जा रहा है खिलचीपुर के ठगी शिक्षक को अभी भूले नहीं है, वहीं बोडा स्कूल में प्राचार्य द्वारा 50 लाख की अनियमितता का मामला भी जग जाहिर है। ऐसे में एक शिक्षक को कोर्ट के आदेश के बाद भी ज्वाइन नहीं करने दिया जा रहा जबकि बखेड में बायोलॉजी विषय पर एक नियमित अटैचमेंट शिक्षक नरेंद्र कुशवाहा और एक अतिथि शिक्षक एक ही विषय पर कार्य कर रहे हैं जबकि नियम अनुसार अतिथि शिक्षक को हटाना चाहिए था। साथ ही जहां नरेंद्र कुशवाहा की पोस्टिंग है वहां पर भी एक अन्य अतिथि शिक्षक को नियुक्त कर कार्य लिया जा रहा है।

#### नियम विरुद्ध कामों की हो रही अनदेखी

शिक्षा विभाग में लगातार नियमों की अनदेखी की जा रही है और अधिकारी चुप है। कन्या खुजनेर में पदस्थ शिक्षक नरेन्द्र कुशवाहा बायोलॉजी का बखेड़ अटैचमेंट कर दिया जबकि उनकी पर्यवेक्षक अवधि भी समाप्त नहीं हुंई थी। हैरत तब हुई की उनकी जगह पर एक अतिथि एकता आचार्य को ज्वाइन कराया। इसी प्रकार जिस विद्यालय में नरेंद्र कुशवाहा का अटैचमेंट किया गया है उस विद्यालय (बखेड) में भी जीव विज्ञान विषय पर एक अतिथि शिक्षक गोविंद शर्मा कर रहे हैं। इस प्रकार नियमित शिक्षक के होने पर भी दो-दो अतिथि शिक्षकों को रखकर वेतन आहरित किया जा रहा है।

#### इनका कहना है...

जहां नियमित शिक्षक है वहां पर अतिथि शिक्षक की जरूरत ही नहीं यदि ऐसा है तो वहां के प्राचार्य ने मुझे अवगत नहीं करवाया होगा। मैं इसको दिखवाता हूं।

**करनसिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ मप्र**

# चिकित्सक के अटैचमेंट से बिगड़ी स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

नगर की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था सुधरे इसका किसी भी जिम्मेदार ने भी सार्धक प्रयास किया ही नहीं है। माचलपुर स्वस्थ केंद्र में लंबे समय तक अपने आकाओं के दम पर नियम विरुद्ध अटैच रहे डाक्टर भरतलाल शाक्य का महिला चिकित्सक द्वारा यौन उत्पीडन के आरोपों के बाद स्थांतरण वा माचलपुर स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डाक्टर अमरसीह धार्वे के स्थांतरण के बाद महिला चिकित्सक पायल पाटीदार ने स्वास्थ केंद्र की व्यवस्थाएं बखूबी संभाली थी । पर उनके द्वरा भी अपने संबंधों के दम पर अपना अटेचमेंट उज्जैन संभाग के आगर जिले के नलखेड़ा करवा लिया। जिसके बाद शायद माचलपुर स्वास्थ केंद्र की व्यवस्थाएं सुधरे और यहां के लोगो को समुचित उपचार मिले यह जिम्मेदारों ने सोचा ही नहीं है।

विचारणीय बात यह है की जब स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डाक्टर अमर सिंह धार्वे का स्थांतरण हो गया था तो फिर यहां पर पदस्थ एक मात्र महिला चिकित्सक पायल पाटीदार का अटेचमेंट किस तरह और किसकी अनुशंसा पर हो गया और वो भी बिना जिम्मेदारों की सहमति के। जिले को ही नही संभाग को बदल कर अटैच कर दी गई। आगर जिले के नलखेड़ा अटैच महिला चिकित्सक का वेतन का आहरण आज भी माचलपुर स्वास्थ केंद्र से हो रहा है और वो अपनी सेवाएं अन्य संभाग के जिले में दे रही है। लंबे समय बाद भी माचलपुर स्वास्थ केंद्र बंध पत्र और संविदा चिकित्सकों के भरोसे धक्का लगाकर चलाया जा रहा है। जिनकी क्रमबद्ध तरीके से ड्यूटी लगाई गई है जो अपनी सेवाएं स्वास्थ केंद्र में प्रदान कर रहे हैं। इस स्वास्थ केंद्र में सौ से अधिक गांवों लगते है जो स्वास्थ सुविधाओ के लिए नगर के स्वास्थ केंद्र में आते हैं! पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस स्वास्थ केंद्र का उन्नयन करवाना तो दूर इस की व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहे इस पर भी ध्यान नहीं दिया। स्वास्थ सुविधा ठीक से उपलब्ध ना होने से उन्हें झालावाड़ राजस्थान को जाना पड़ता है।

नगर के अधिकांश लोगों को आज भी यह पता नहीं है की यहां पदस्थ महिला चिकित्सक का अटेचमेंट हुआ है ना की स्थानांतरण। यह कहा का न्याय है यहां की जनता स्वास्थ सुविधाओ के लिए तरसे और यहां से वेतन का आहरण करने वाली चिकित्सक अन्य संभाग में अपनी सेवाए दे। इस बारे में बता करने पर स्वास्थ आयुक्त तरुण राठी से बात करने पर उनके द्वारा अटपटा जवाब देते हुवे कहा की आपको पता है ना की ऐसा क्यों हुआ जब उनसे यहां की बिगड़ती स्वास्थ व्यवस्था के बारे पूछा तो वह निरुत्तर नजर आए।

#### इनका कहना है...

मेरी बात हो गई है दो तीन दिन में अटैचमेंट खत्म करवा दूंगा।

**हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर**

## ब्यावरा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन, मंत्री पंवार हुए सम्मिलित



**ब्यावरा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सेवा, सुशासन और विकास के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्यावरा विधानसभा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन मऊ सुठालिया में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन में मंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,जिला संयोजक निर्मल जैन, जिला महामंत्री ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नारायण सिंह सलरीयाखेड़ी,मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, राजू यादव, कल्याण गुर्जर, बलवान सिंह,जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा मौजूद रहे।

## राजगढ़ में पासपोर्ट ऑफिस खुलवाने जिला सदर ने लिखा पत्र

**राजगढ़**। राजधानी भोपाल के उपरान्त प्रदेश के कईं अन्य जिलों में पासपोर्ट ऑफिस खुल चुके हैं लेकिन राजगढ़ मुख्यालय पर पासपोर्ट ऑफिस खोलने की मांग काफी अर्से से पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में अंजुमन इस्लाम कमेटी के जिला सदर अब्दुल अनीफ खान ने राजगढ़ कलेक्टर को एक पत्र लिखते हुए जिले में पासपोर्ट दफ्तर खुलवाने की मांग रखी है।

खान ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर जिलों में पासपोर्ट ऑफिस खुल चुके हैं। अगर जिले के किसी बाशिंदे को अपना पासपोर्ट बनवाना हो तो उसे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, गुना जैसे शहरों में जाना पड़ता है। अगर राजगढ़ में ही पासपोर्ट ऑफिस कार्यालय खुल जाए तो हजारों लोगों को खासी सहुलियत हो जाएगी। जिला सदर ने कलेक्टर ने मांग रखी है कि इस बारे में मप्र शासन को प्रस्ताव भिजवाया जाए ताकि आमजनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### जिले को बाल-सगाई और बाल-विवाह मुक्त बनाने अनवरत जारी हैं प्रयास

# शिक्षा चाहिए, शादी नहीं, बच्चों ने बाल विवाह के खिलाफ उठाई आवाज



**राजगढ़**। सर, हमारे क्षेत्र में झगड़ा कुप्रथा इसलिए पनपती है क्योंकि बच्चों की छोटी उम्र में ही सगाई कर दी जाती है। बाद में रिश्ता टूटता है तो लाखों रुपए का झगड़ा देना पड़ता है। यदि झगड़ा नहीं दिया गया तो फसलें काट ली जाती हैं, आगजनी कर दी जाती है। यह गंभीर और चैंकाने वाली बातें सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सोमवार को आयोजित एक जागरुकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कही।

प्रशासन एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत सोमवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, किला अमरगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 13 से 15 गांवों से पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए। कई बच्चों ने बताया कि उन्हें खुद यह तक पता नहीं था कि उनकी सगाई कर दी गई है। इस पर अहिंसा टीम ने बच्चों को बताया कि कानून के अनुसार लड़की की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होने से पहले न तो विवाह किया जा सकता है और न ही सगाई।

## 346 स्कूलों ने उपयोग ही नहीं की मेंटनेंस राशि

**राजगढ़**। राजगढ़ जिले के अधिकांश प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में कईं तरह के रख-रखाव सहित अन्य आवश्यक कार्य होने हैं। बड़े बजट के कार्यों के प्रस्ताव अलबत्ता राजधानी स्तर पर पेंडिंग हैं लेकिन जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय द्वारा जिले की 1997 प्रावि एवं मावि शालाओं में रख-रखाव हेतु वार्षिक ग्रांट के रूप में 10 हजार से लेकर 75 हजार रुपए तक की व्यय सीमा तक की लिमिट जारी की गई है।

इसे विडंबना ही कहेंगे ही स्कूलों में आवश्यकता होने के बाद भी 346 शालाओं ने लिमिट राशि खर्च ही नहीं की है जबकि शाला संचालन में पुताई, रख-रखाव एव अन्य सामग्री की निरंतर आवश्यकता रहती है। इस संबंध में डीपीसी कार्यालय द्वारा संबंधित शालाओं को अनेक बार पत्राचार किया गया लेकिन इसके बावजूद आधा सत्र बीतने के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने राशि का उपयोग नहीं किया है। शालाओं द्वारा व्यय नहीं करने के कारण अन्य आवंटन प्रभावित हो रहा है। जिला परियोजना समन्वयक ने संबंधित शाला प्राचार्यों से उक्त ग्रांट राशि आवश्यक कार्य में व्यय करने हेतु पुनः लेख किया है।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषयों के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गणित विषय के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि विषय को सही ढंग से समझकर निरंतर परिश्रम करने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन एवं गणित में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए भारतीय वैज्ञानिकों की गौरवशाली परंपरा की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में गणित विषय की प्राध्यापिका श्रीमती सोनम करोड़िया ने राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



उन्होंने श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन संघर्ष, शोध कार्य एवं गणित के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को विस्तारपूर्वक समझाया, जिससे छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिली। भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद वसीम शेख ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों में अधिक से अधिक रुचि लेने एवं अनुसंधान की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गणित विषय के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### पीपल चौराहे से हटेगा अतिक्रमण, सीएमओ ने की कार्रवाई

# सब्जी की दुकानें होंगी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सब्जी बाजार लगने के कारण पीपल चैराहा व राजगढ रोड पर अधिकतर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे यातायात बाधित होता है। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने सोमवार को दोपहर में सब्जी विक्रेताओं पर कार्यवाही करते हुए उन्हें चैराहे से हटाया व उनका सामान जब्त किया। पीपल चैराहे के यातायात को सुलभ करने सीएमओ इकरार अहमद स्वयं अतिक्रमण हटाते दिखाई दिए। उन्होने कहा की हम जल्दी ही इन



सब्जी मंडी बिक्रेताओं को पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शिफ्ट करने वाले है जहां पर इनको कोई परेशान नहीं करेगा और शहर का यातायात भी ठीक हो जाएगा।

#### सालों से नहीं सुधर पा रही यातायात व्यवस्था

शहर की यातायात व्यवस्था कई सालों से दुरूस्त करने के लिए सालों से प्रयास किए जा रहे है परंतु यह ठीक होने का नाम ही नहीं ले रहा । यहां पर राजनैतिक दबाव के चलते अतिक्रमण नहीं हट पाता है एक बार फिर सीएमओ इकरार अहमद ने प्रयास किए है देखते है यह प्रयास कितने सफल होंगे।

### संघ कार्यालय में हुई बैठक

# सारंगपुर में 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियां हुईं तेज



**सारंगपुर**। नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को नगर स्थित संघ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयोजन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व तय किए गए। मंच व्यवस्था, अनुशासन व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात, अतिथियों के स्वागत, जलपान, सुरक्षा एवं प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संपर्क एवं जनजागरण अभियान पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठजनों ने सम्मेलन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी बनाने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन से पूर्व पुनः समन्वय बैठकें आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से 18 जनवरी को आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान सर्व हिन्दू समाजजन मौजूद थे।

### संदिग्ध अपराधों की विवेचना के लिए सीहोर या विदिशा से बुलवाते हैं अफसर

# जिले में फोरेंसिंक जांच अधिकारी का पद 3 साल से रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे कि बलात्कार, संदिग्ध आत्महत्या, संदिग्ध हत्या और इसे जैसे अन्य गंभीर अपराधों की जांच के लिए फारेंसिंह जांच अधिकारी(एसएफएल) का पद ही बीते करीब 3 माह से रिक्त पड़ा हुआ है। गंभीर अपराधों की सूक्ष्मता से जांच एफएसफएल अधिकारी व टीम द्वारा ही की जाती है लेकिन उक्त पद रिक्त होने से जिले में गंभीरतम मामलों की जांच के अन्य अन्य जिलों के भरोसे रहना पड़ रहा है। करीब 3 वर्षों पूर्व पदस्थ एसएफएल अधिकारी श्री मिंज का तबादला अन्य जिले में होने के बाद पुलिस मुख्यालय से राजगढ़ जिले में किसी को नहीं भेजा गया। ऐसे में तभी से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। उक्त पद रिक्त होने से हत्या, मर्डर, लूट के मामलों में बारीकी से जांच करने के लिए सीहोर या विदिशा से टीम बुलवाई जाती है। जब तक यह टीम यह संदिग्ध मामले की जांच करने जिले में पहुंचती है तब तक संबंधित मृतक या पीड़ति परिवार को घंटों तक इंतेजार करना पड़ता है। साथ ही स्थानीय पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी भी तब तक मौके पर ही परेशान होते रहते हैं, जब तक एसएफएल की टीम विदिशा या सीहोर से नहीं आ पाती है।

#### अनेक संदिग्ध मामलों में नहीं हो पाती सूक्ष्म जांच




संदिग्ध आत्महत्या, हत्या के प्रकरणों की जांच एफएफएल टीम द्वारा करना ही बेहतर होता है क्योंकि तभी सूक्ष्मता और बारीकी के साथ हर पहलू पर जांच हो पाती है। कभी-कभी आत्महत्या जैसे मामले सामान्य नहीं होते बल्कि उन्हें अपराधियों द्वारा कारित कर हत्या छिपाने के तमाम प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में जब तक एसएफएल की टीम जांच न करे तब तक सच्चाई सामने नहीं आ पाती। जिस अपराध को पुलिस सामान्य समझती रहती है, उसके अपराधी पुलिस की पहुंच से ही दूर हो जाया करते हैं।

#### पीड़ित के साथ ही पुलिस भी परेशान

फारेंसिक टीम के सीहोर या विदिशा से राजगढ़ आने में ही काफी समय लग जाता है। ऐसे में संदिग्ध घटनाक्रम के मामलों में उक्त टीम जब तक नहीं आती है तब तक पीड़तिं, मृतकों के परिजनों के साथ ही स्थानीय पुलिस भी परेशान होती रहती है। क्या होती है फारेंसिक जांच विभिन्न तरह के अपराधों की वैज्ञानिक व अन्य तकनीकी पहलुओं के साथ सघनता से जांच करने घटना स्थल से मिले सबूतों जैसे डीएनएम, फिंगर प्रिंट, रक्त कण आदि को एकत्रित कर उन्हें प्रयोगशाला में भेजा जाता है। प्रयोगशाला जांच और न्यायालय में सटीक तथ्यों के आधार पर दोषियों को सजा मिल पाती है। इस फारेसिंह जांच में डीएनएम विश्लेषण, जहर विज्ञान, बैलिस्टिक्स जैसी कईं वैज्ञानिक शाखाएं शामिल होती हैं।

#### पत्राचार किया है

हां, यह सही है कि जिले में फोरेंसिक जांच अधिकारी काफी अर्से से नहीं है। संदिग्ध घटनाक्रमों में हमें दूसरे जिलों से उन्हें बुलवाना पड़ता है। सेपरेट पदस्थापना के लिए हमने पुलिस मुख्यालय से पत्राचार किए हुए हैं।

**अमित तोलानी, पुलिस अधीक्षक**